## संक्षिप्त

### फागी में 13 सरपंचों ने दिया इस्तीफा

**फागी, (निसं)।** सरकारी कार्यालयों में लपकों के राज से परेशान होकर फागी पंचायत समिति के 13 सरपंचों ने सोमवार को विकास अधिकारी को इस्तीफा सौंप दिया। फागी पंचायत समिति में कुल 18 ग्राम पंचायतें है जिनमें से सोमवार को फागी पंचायत समिति में पहुंचकर 13 सरपंचों ने अपना इस्तीफा सौंप दिया। इससे पूर्व फागी सरपंच संघ के अध्यक्ष भंवर सिंह पचाला की अध्यक्षता में सरपंच संघ की मिटिंग का आयोजन किया गया जहां पर सभी सरपंचों ने सरकारी विभागों के अधिकारियों द्वारा सरपंचों की सुनवाई नहीं करने एवं समस्या का समाधान नहीं करने पर सरपंच पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया गया। इसके पश्चात सभी ने एक साथ विकास अधिकारी कार्यालय पहुंचकर विकास अधिकारी को अपना इस्तीफा सौंपा। इस्तीफा देने वालों में चौरू से सुमन कंवर, परवण से रतन कंवर, पचाला से भंवर सिंह, लदाना से हेमलता शर्मा, लसाडिया से संतोश देवी, सुल्तानिया से सुमन, कांसेल से किषन लाल गुर्जर, रोटवाडा से रामजीलाल, भोजपुरा से महेन्द्र कुमार, नीमेडा से बन्ना लाल मीणा, मण्डोर से सुरज्ञान देवी, सवाई जयसिंहपुरा से श्योजीराम व चकवाडा से केसर देवी ने अपना इस्तीफा सौंपा।

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के धन्नातलाई निवासी के द्वारा गत 25 जून की रात्रि उसके निवास के बाहर अचानक तालकटोरा निवासी मेवातियों ने गढासा, तलवार व लाठी से जानलेवा हमला किया तथा बन्दूक की नोक पर जबरदस्ती अपने साथ पकड ले गये और मारपीठ कर घायल कर दिया। थानाधिकारी भंवरलाल ने पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर गम्भीरता से कार्य करते हुए आरोपी इमरान पुत्र फारूक मेवाती, अरबाज मेवाती पुत्र फारूक मेवाती, निवासी तालकटोरा व सोयब कबाडी पुत्र सच्चा कबाडी के विरूद्ध दर्ज हुए प्रकरण पुलिस ने यशशोयब उर्फ कालू पुत्र सच्चा खां 30 निवासी काफला बाजार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 8 प्रकरण में पहले से ही आपराधिक मामले दर्ज है।

### पायलट टोंक दौरे पर आज

**टोंक, (निसं)।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरीप्रसाद बैरवा ने बताया कि टोंक विधायक सचिन पायलट मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे टोंक पहुंचेंगे, तत्पश्चात वह देवली भांची में मृतक हेड कांस्टेबल खुशीराम बैरवा के परिजनों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान टोक-सवाईमाधोपुर सांसद हरीश मीणा व कांग्रेस कमेटी के कई सदस्यगण कार्यक्रम में शामिल होंगें।

### ग्रामीणों को धरना रहा जारी

**कोटपूतली, (निसं)।** समीपवर्ती ग्राम चतुर्भुज में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के विरोध में चतुर्भुज बचाओ आंदोलन के तहत ग्रामीणों द्वारा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को स्थानांतरित करने की मांग को लेकर धरना सोमवार को लगातार 13 वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा। धरने को मंजू स्वामी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जब तक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को यहां से स्थानांतरित नहीं किया जायेगा तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

# बेकाबू ट्रेलर ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

- यूपीएससी नर्सिंग ऑफिसर की परीक्षा देकर लौट रहा था युवक, दूसरा युवक गंभीर घायल



हादसे की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने बाइक व ट्रेलर को पुलिस सुरक्षा में लिया।

**मालपुरा, (निसं)।** जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे पर शहर के वीर सावरकर सर्किल के पास बेकाबू ट्रेलर ने बाईक को टक्कर मार बाईक सवार युवक को टायर से कुचल दिया। हादसे में बाईक चालक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई वही दूसरा युवक गंभीर घायल हो गया। जिसे मालपुरा अस्पताल में भर्ति कराया।

जानकारी में सामने आया कि टोडारायसिंह क्षेत्र के भांवता निवासी युवक प्रिंस आनन्द बैरवा पुत्र रामलाल बैरवा जो कि युपीएससी नर्सिंग ऑफिसर की परीक्षा देकर गांव लौट रहा था। मालपुरा में अपने मित्र के यहां कुछ देर रूकने के बाद भांवता के लिये निकला। प्रिंस के मित्र मालपुरा निवासी शंकर पुत्र छोटूराम निवासी घाटीरोड मालपुरा के साथ बाजार में बरसाती रैनकोट लेने जा रहा था। इसी दौरान सावरकर सर्किल के पास तेज रफ्तार ट्रेलर को ऑवरटेक करने के दौरान सडक किनारे बाइक का टायर फिसल जाने से बाइक अनियंत्रित हो गई। इसी दौरान तेज रफ्तार बैकाबू ट्रेलर ने बाईक को टक्कर मार दी। हादसे में बाईक चालक प्रिंस ट्रेलर के टायर के नीचे आ गया लेकिन ट्रेलर की रफ्तार इतनी तेज थी कि तकरीबन 20 फिट तक टायर के नीचे फंसे युवक को घसीटता हुआ ले गया। हादसे में प्रिंस की दर्दनाक मौत हो गई। बाईक की लगी टक्कर के दौरान प्रिंस का मित्र शंकर उछलकर सडक किनारे जा गिरा। जिसमे वो भी गंभीर घायल हो गया। धमाके की आवाज सुन आसपास दुकानों पर बैठे लोग दौडकर ट्रेलर के पास पहुंचे तथा युवक को टायर के निचे से निकाल दोनों को मालपुरा अस्पताल पहुंचाया।

जहां चिकित्सकों ने प्रिंस को मृत घोषित कर शंकर का उपचार शुरू किया। सम्पूर्ण घटनाक्रम मे सामने आया कि बाईक सवार युवक की बाईक पर हैलमेट तो टका हुआ था लेकिन युवक के सिर पर हैलमेट नहीं होने के कारण उसको जान से हाथ धोना पडा। सावरकर सर्किल के पास आये दिन भीषण सडक दुर्घटनाऐं होने के बावजूद टॉल रोड कम्पनी द्वारा ना तो स्पीड ब्रेकर बनवाये जा रहे और ना ही सडक किनारे ब्लॉक फुटपाथ का निर्माण भी नहीं करवाया जा रहा। सडक के दोनों और मिट्टी मे भारी कटाव तथा सडक के बीचो बीच गहरे गड्डे हो जाने से सडक दुर्घटनाऐं बढ रही है। तो टॉल कम्पनी सुरक्षा विहिन सडक का भारी भरकम टॉल वसुल रही है। हादसे की सुचना पर पहुंची थाना पुलिस ने बाईक व ट्रेलर को पुलिस सुरक्षा में ले अस्पताल में भर्ति गंभीर घायल युवक से हादसे की जानकारी ली।

## स्थापना दिवस व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

- उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया

**कोटपूतली, (निसं)।** राजमार्ग स्थित द राजस्थान स्कूल में सोमवार को 19वां स्थापना दिवस व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्या शालिनी चौधरी, बर्सर विकास चौधरी, उप प्रधानाचार्य रमेश सकलानी ने माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर सभी शिक्षकों एवं विधार्थियों को शुभकामनायें दी। प्रधानाचार्या ने स्थापना दिवस की बधाई देते हुये कहा कि आज हम सभी के लिये खुशी व गौरव का दिन है कि विधालय ने अपने 19 गौरवशाली व सफलतम साल पूर्ण किये है।

हम सदैव विधार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु तत्पर है। पुरूस्कृत प्रतिभाओं को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि वर्तमान युग प्रतिस्पर्धा का युग है। आप आगे भी शैक्षणिक व सह शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने के लिये तत्पर रहे। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2023-24 में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले विधार्थियों को सम्मानित किया गया। शैक्षणिक स्तर पर प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरूस्कार व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। सह शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही खेल व कला के क्षेत्र में भी उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले विधार्थियों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक देकर सम्मानित किया गया। बोर्ड परीक्षा में प्रत्येक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले विधार्थियों का भी सम्मान किया गया। गत वर्ष सह शैक्षणिक गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विधालय के कुम्भा सदन को सर्वश्रेष्ठ सदन के सम्मान से नवाजा गया। कुम्भा सदन प्रमुख रमेश चन्द पाण्डा को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विधालय के चौयरमैन राजेन्द्र सिंह यादव व निदेशक मधुर सिंह यादव ने अपने संदेश में सभी शिक्षकों, विधार्थियों एवं अभिभावकों को स्थापना दिवस की शुभकामनायें दी। उन्होंने शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार प्रकट करते हुये कहा कि संस्था के प्रति आपका गहरा लगाव व सहयोग हमें सदैव आगे बढने की प्रेरणा देता रहेगा।

# विधायक रामसहाय वर्मा ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

- अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण करने के दिए निर्देश


झिलाय में विधायक रामसहाय वर्मा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

**निवाई, (निसं)।** गांव झिलाय में विधायक रामसहाय वर्मा ने क्षेत्र की 11 पंचायतों की जनसुनवाई कर अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई में झिलाय, खिडगी, सिंदरा, बस्सी, सिरस, नटवाडा, खंण्डवा, पहाडी, रजवास, चैनपुरा व ढाणी जुगलपुरा पंचायत के ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र की समस्या के बारे में विधायक वर्मा को अवगत करवाया।

झिलाय के लोगों ने बढते स्मैक के कारोबार पर रोक लगवाने की मांग करते हुए खसरा नंबर 942 गैर मुमकिन खाई पानी निकासी रास्ते में हो रहे अतिक्रमण की शिकायत पर विधायक रामसहाय वर्मा ने तहसीलदार व थाना अधिकारी हरिराम वर्मा को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में बिजली कटौती, अतिक्रमण, सीमा ज्ञान, सडक बनवाने, नामांतरण खुलवाने, नाले बनवाने व श्मशान भूमि आवंटित करवाने सहित कई समस्याएं सुनने के बाद विधायक ने मौके पर मौजूद सभी विभागों के अधिकारियों को शीघ्र समस्याओं के निस्तारण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में प्रधान रामअवतार लांगडी, सरपंच कांता देवी शर्मा, महेश मिश्रा, नारायण यादव, डीआर नरेश नायक, मुकेश पोसवाल, आशाराम डोई, गिर्राज यादव व सुरेश सिंहवाडीया सहित सभी पंचायतो के सरपंच एवं संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## यूडीएच मंत्री खर्रा के जन्मदिन पर सेवा कार्य किये


सफाईकर्मियों को पानी की बोतल एवं फल वितरीत किये।

**कोटपूतली, (निसं)।** यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के जन्मदिवस पर कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को विभिन्न सेवा कार्यो का आयोजन किया गया। कृषि उपज मंडी के पूर्व चौयरमैन महेश मीणा ने बताया कि इस मौके पर विभिन्न सेवा कार्यो का आयोजन करते हुये सफाईकर्मियों को पानी की बोतल एवं फलों का वितरण किया साथ ही विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

विभिन्न किस्म के फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी दी गई। भाजपा नेता मुकेश गोयल ने कहा की जन्मदिवस एवं अन्य शुभ अवसरों पर सेवा के विभिन्न कार्य करने से समाज में सकारात्मक विचारों का जन्म होता है। प्रत्येक मनुष्य को सेवा कार्यो से जुडकर समाज में एक दूसरे की मदद करनी चाहिये। इस दौरान भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल, पार्षद प्रमोद गुरुजी, दिलीप यादव, शिम्भूदयाल मोरीजावाला, दयाराम कुमावत, रमन सैनी, पूरणमल यादव, राहुल अग्रवाल आदि उपस्थित रहें।

## हादसे में बाल-बाल बचे भाजपा जिलाध्यक्ष मेहता



**टोंक, (निसं)।** भाजपा जिला अध्यक्ष और पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता का पार्टियों की गतिविधियों और जिले के देवली-उनियारा विधानसभा में होने वाले उपचुनाव को लेकर दिल्ली पार्टी कार्यालय में भाग लिया, जिसे लेकर वह दो से तीन दिन का दिल्ली दौरे पर रहे। जब वह वापिस टोंक आ रहे थे, तभी दिल्ली-मुम्बई हाइवे पर भीषण सडक हादसा घटित हो गया। जहां हादसे में मेहता के मामूली चोटे आई।

हादसे का कारण टैक्सी परमिट गाडी के ड्राइवर को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है। राजगढ अलवर के पास तेज गति से चल रही कार हाइवे के पास स्थित एक गड्ढे में जा गिरी, जिसमे भाजपा जिलाअध्यक्ष मेहता के खरोच सहित मामूली चोटे आई और बाल-बाल बचे। वही हादसे की खबर जैसे ही उनके भाजपा समर्थकों सहित प्रशासनिक अधिकारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष, पत्रकारों, चाहने वालों को लगी तो सभी ने दूरभाष से समाचार लिए। हादसे के वक्त कार में उनके साथ एक निजी व्यक्ति भी सवार था, सकुशल मेहता टोंक पहुंचकर मंदिर में गए और पूजा अर्चना की ओर ईश्वर का धन्यवाद दिया।

## सार-समाचार

### पूनम मीणा बनी असिस्टेंट कमांडेंट



**पावटा, (निसं)।** पावटा निवासी भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक कन्हैया लाल मीना और पूर्व जिला पार्षद व पावटा जीएसएस चेयरमैन पुष्पा मीना की पुत्री पूनम मीणा का चयन यूपीएससी द्वारा आयोजित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में सहायक कमांडेंट के पद पर हुआ है। जिन्होंने अपनी कडी मेहनत और लगन के बलबूते केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल में असिस्टेंट कमांडेंट बनने का मुकाम हासिल किया है। पूनम मीणा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया। पूनम मीणा के अस्टिटेंट कमांडेंट पद पर चयनित होने से जहां उनके परिवार में हर्षोल्लास का माहौल है। वहीं उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता भी लगा हुआ है। वही पूनम मीणा की बडी बहन डॉ. पूजा मीणा सिविल अस्पताल अहमदाबाद में ईएनटी सर्जन है और बडा भाई विद्युत विभाग में कनिष्ठ अभियंता है।

### मांगों को लेकर सरपंचों ने तालाबंदी की

**बौंली- बामनवास, (निसं)।** राजस्थान सरपंच संघ के आव्हान पर पंचायत समिति बौंली ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायत कार्यालयों पर अपनी मांगों को लेकर सरपंचों ने 8 जुलाई सोमवार को तालाबंदी कर दी। बौंली ब्लॉक के सरपंच संघ अध्यक्ष नरेंद्र महावर ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा हमारी मांगे नहीं माने जाने के विरोध स्वरूप सोमवार को सभी ग्राम पंचायत कार्यालयों पर सांकेतिक तालाबंदी की गई है एवं 10 जुलाई को उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। 12 जुलाई को जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा उसके बाद सरकार को 5 दिन का समय दिया जाएगा फिर भी हमारी मांगे नहीं मानी गई तो 18 जुलाई को विधानसभा का घेराव किया जाएगा। दूदू जिले के अधीन ग्राम पंचायतों सरपंच संघ राजस्थान के आव्हान पर विभिन्न मांगों को लेकर ग्राम पंचायत पर सरपंचों द्वारा तालेबंदी की जाकर कार्यों का बहिष्कार किया गया। सरपंच संघ अध्यक्ष रामजीलाल चौधरी ने बताया कि आगामी 10 जुलाई को सरपंचों की विभिन्न भागों को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन पेश किया जाएगा।

### मदनलाल वर्मा बने अध्यक्ष

**निवाई, (निसं)।** रेगर अनुसूचित जाति उत्थान सभा के चुनाव संपन्न हुए है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मोहनलाल सालोदिया ने बताया कि झिलाय रोड स्थित रैगर छात्रावास में प्रात: 8 से 4 बजे तक मतदान हुआ। रैगर समाज 348 सदस्यों में से 317 सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें 45 महिला मतदाताओं ने भी अपने मत का प्रयोग किया। निर्वाचन अधिकारी द्वारा दोपहर 4 बजे परिणाम आने पर अध्यक्ष पद पर मास्टर मदनलाल वर्मा निर्वाचित हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चांदमल कंवरिया व महासचिव पद पर चिरंजीलाल वर्मा निर्वाचित हुए। पूर्व में कोषाध्यक्ष पद पर कन्हैयालाल हाथीवाल निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी मोहनलाल सालोदिया के सानिध्य में मतदान अधिकारी महेंद्र मंडरावालिया, हेमराज वर्मा, मांगीलाल वर्मा, रामस्वरूप बरोलिया, लोकेश मंडरावालिया, निर्मल सालोदिया, दीपक मंडरावालिया, शशिकांत कंवरिया एवं सुरेंद्र कुमार मंडरावालिया की टीम ने समस्त चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं निर्विवाद संपन्न करवाई। चुनाव परिणाम के बाद समस्त विजय पदाधिकारी को मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान अंकुर सालोदिया, सीताराम रैगर, एडवोकेट ओमप्रकाश वर्मा, चिरंजीलाल रैगर, मांगीलाल वर्मा, रजनी वर्मा, रामगोपाल सेवलिया, डॉ भूषण सालोदिया आदि मौजूद थे।

### विद्युत लाइन पर गिरी आकाशीय बिजली

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर में सोमवार को दोपहर बाद भारी बारिश हुई। एक ही बारिश में सडक दरिया बन गई। देवयानी सरोवर में भी करीब 1 फुट पानी आया। डेढ घंटे की मूसलाधार बारिश के बीच जबरदस्त बिजली कडकने की आवाज से लोग दहशत में आ गए। बिजली बोर्ड पावर हाउस के नजदीक 33 केवी लाइन पर करीब 4:15 बजे आकाशीय बिजली गिरी। घरों में सप्लाई होने वाली विद्युत लाइन के पोलों पर अवैध तरीके से डिस्क केबल तारों की वजह से बिजली का करंट पास में रहने वाले जगन्नाथ प्रसाद ढेनवाल व बजरंगलाल सरिया वाले के घरों में भी दौडा। जगन्नाथ प्रसाद के घर के सभी सदस्य हाल में बैठे हुए थे और अचानक तेज पटाखे की आवाज के साथ एलईडी में आग लग गई और देखते ही देखते एलईडी धूं-धूं कर जलने लगी। तत्काल दीवार पर लगी एलईडी को उखाड घर से बाहर फेंका और उसकी आग बुझाई अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। इसी प्रकार पास में रहने वाले दूसरे घर में भी इसी प्रकार की घटना हुई लेकिन वहां पर कोई बडा नुकसान नहीं हुआ। एसडीएम कोर्ट में लगा ट्रांसफार्मर जल गया। जिसे बिजली कर्मचारियों ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद दूसरा स्थापित किया। इसी बीच तहसील कार्य में लगा ट्रांसफार्मर जल गया, समाचार लिखे जाने तक कर्मचारी उसको ठीक करने में लगे हुए थे।

### रेबीज टीकाकरण शिविर आयोजित

**टोंक, (निसं)।** शहर के धन्ना तलाई स्थित राजकीय बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय टोंक में संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा के निर्देश एवं डॉ. सौभाग सिंह चौधरी के नेतृत्व में इंडियन इम्यूनोलॉजिकल कंपनी, लि. हैदराबाद (आईआईएएल) के सहयोग से चिकित्सालय में निशुल्क रेबीज टीकाकरण शिविर लगाया गया। जिसमें शहर के निराश्रित श्वानों एवं पालतू बिल्लियों को रेबीज के टीके लगाए गए। डॉ. सौभाग सिंह चौधरी ने बताया कि टीकाकरण कार्यक्रम में समाजसेवी एवं पशु प्रेमी प्रज्ञा बुंदेल ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।

### सरस्वती वंदना के साथ यज्ञ का शुभारंभ

**दौसा, (निसं)।** 9 कुण्डीय शिव शक्ति महारुद्र यज्ञ समिति के तत्वावधान में किला सागर दुर्गा मंदिर में आयोजित 9 दिवसीय शिव शक्ति महारुद्र यज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को प्रात: सरस्वती वंदना के साथ यज्ञ का शुभारंभ हुआ। यज्ञाचार्य पं. कन्हैयालाल शास्त्री ने वैदिक मन्त्रोच्चारण के साथ स्थापित देवताओं का नित्याचन सम्पन्न करवाया। इस अवसर पर पत्रकार विनय जोशी, दिलीप नागर, कुलदीप की सिंधा, अशोक सिंघा, चतुर्भुज राजावत, अशोक व्यास, विमल कुमार तिवाडी, गजाधर शर्मा, वैध रामेश्वर शर्मा, प्रदीप नागर, रणजीत सिंह राजावत आदि उपस्थित रहें।

# आई.टी. क्षेत्र में पतंजलि अब करेगा नई क्रांति : स्वामी रामदेव

## आई.टी. क्षेत्र में भरूआ के 8 पेटेंट, पूर्ण समर्पण का परिणाम है भरूआ : आचार्य बालकृष्ण

- भरूआ आई.टी. क्षेत्र की अग्रणी कम्पनी के रूप में विकसित हो रही है : रामभरत


भरूआ सॉल्यूशन्स के तत्वाधान में 'कॉरपोरेट ट्रेनिंग फॉर प्रोफेशनल डवलपमेंट/कोर स्किल' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ।

**हरिद्वार, (निसं)।** पतंजलि के आई.टी. संस्थान भरूआ सॉल्यूशन्स के तत्वाधन में पतंजलि विश्वविद्यालय स्थित ऑडिटोरियम में 'कॉरपोरेट ट्रेनिंग पफॉर प्रोपफेशनल डवलपमेंट/कोर स्किल' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ।

कार्यशाला के समापन अवसर पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव जी ने कहा कि आई.टी. क्षेत्र की सभी समस्याओं का समाधन 'भरूआ' में निहित है। पतंजलि के आई.टी. संस्थान भरूआ ने पतंजलि के साथ-साथ कई कम्पनियों में अपनी आई.टी. स्किल्स का लोहा मनवाया है। हाल ही में भरूआ ने कई विख्यात कम्पनियों के साथ आई.टी. क्षेत्रा में करार किए हैं, आई.टी. क्षेत्र में पतंजलि अब नई क्रांति करेगा। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि को पूरी दुनिया योग व आयुर्वेद के संदर्भ में जानती है। हमने भरूआ सॉल्यूशन्स के रूप में आई.टी. के क्षेत्रा में कदम रखा है। भरूआ ऐसे ही आई.टी. कम्पनी नहीं बनी, यह पूर्ण समर्पण का परिणाम है। भरूआ की उपलब्धि है कि आज आई.टी. क्षेत्रा में भरूआ के 8 पेटेंट हैं। वेल्सपन कम्पनी में भरूआ के प्रोडक्ट ही संचालित हैं। इसी प्रकार मदर डेयरी, अमूल, सिंटेक्स, रेलवे, नई संसद भवन की कैंटीन का सभी काम भरूआ सॉल्यूशन्स द्वारा किया जा रहा है। अभी हाल ही में 26 एयरपोर्ट के डाटा को सेन्ट्रलाइज व मोनिटरिंग के लिए भी भरूआ को आर्डर मिला है।

उन्होंने बताया कि आज पतंजलि की आई.टी. आवश्यकताओं को भरूआ सॉल्यूशन्स पूरा कर रहा है। पतंजलि के आई.टी. संस्थान भरूआ के पास वर्ल्ड क्लास इंनस्ट्रक्चर व सभी सर्टिपिफकेशन उपलब्ध हैं। पतंजलि की अलग-अलग जरूरतों जैसे- सप्लाई चेन के लिए डीएमएस, पीओएस, ईआरपी, एचआरएमएस, एचएमआईएस, डब्ल्यूएमएस, बिलिंग, अकाउंटिंग के लिए भरूआ के विभिन्न सॉफ्रटवेयर संचालित हैं।

उन्होंने बताया कि अभी भरूआ सॉल्यूशन्स अपनी प्रारंभिक अवस्था में है जो विशाल वट वृक्ष के बीज के समान है। अभी इसका व्यापक विस्तार होना है। आचार्य जी ने बताया कि इस कम्पनी को खडा करने में पवन, कविंद्र व उनकी टीम का बडा योगदान है।

पतंजलि पफूड्स लि. के एम.डी. रामभरत ने कहा कि भरूआ आई.टी. क्षेत्रा की अग्रणी कम्पनी के रूप में विकसित हो रही है। जल्द ही इसकी व्यापकता देश व दुनिया में बढेगी। कार्यशाला में भरूआ साल्यूशन्स के अध्यक्ष इरेन्द्र छाबडा, उपाध्यक्ष कविंद्र सिंह, पतंजलि आयुर्वेद लि. के आई.टी. हैड पवन सिंह सहित भरूआ सॉल्यूशन्स की हरिद्वार हैदराबाद व नोएडा इकाई के 250 से ज्यादा कर्मचारी उपस्थित रहे। आचार्य द्वारा कम्पनी के बेस्ट परपफामर्स को पुरुस्कार प्रदान किए गए।

## सांसद के प्रयास से 22 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क

- 6 साल से अटका हुआ था घाटी में सड़क कार्य
- ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं ने खुशी की जाहिर

**मनोहरपुर, (निसं)।** नवलपुरा गांव से मामटोरी की ओर जाने वाली सडक का 6 साल से रुका हुआ चौडाइकरण का कार्य कुंडा धाम के महंत प्रहलाददास महाराज के सानिध्य और भाजपा कार्यकर्त्ताओं की उपस्थिति में सुबह 8.15 बजे शुरू किया गया। जिससे करीब एक दर्जन गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सकेगी। भाजपा जयपुर जिले के मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि मामटोरी घाटी की सडक पूरी तरह जर्जर होने पर पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष व वर्तमान में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने वर्ष 2018-19 में सडक निर्माण और चौडाइकरण के कार्य के लिए करीब 22 करोड रुपए स्वीकृत किए थे,किंतु सडक निर्माण के दौरान वन विभाग की जमीन आने पर वन विभाग ने सडक निर्माण पर रोक लगा रखी थी और सार्वजनिक निर्माण विभाग को सडक बनाने की एवज में राशि जमा करवाने के लिए निर्देश दिए थे। जब से इस सडक का चौडाइकरण का कार्य अटका हुआ था। इस पर सांसद राव राजेंद्र सिंह लंबे समय से प्रयासरत थे। अब उनके अथक प्रयासों से घाटी का चौडाईकरण का कार्य शुरू हुआ है। इससे नवलपुरा, गोनाकासर, मामटोरी, शिवसिंहपुरा सहित करीब एक दर्जन गांवों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। सोमवार से सडक के चौड़ाइकरण कार्य का शुभारंभ संत प्रहलाद दास की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से खुदाई कर किया गया।